साप्ताहिक
# बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना
प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**
E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**
वर्ष : 5 | अंक : 11 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5



## रेत का ट्रैक्टर पकड़ा

**गोंदिया**-रावणवाड़ी थाने के तहत ग्राम कोरणी में कोरणी निवासी राकेश हीरालाल पटले (28) को ट्रैक्टर में रेत ले जा हुए पकड़ा गया. पुलिस ने एक ब्रास रेत व ट्रैक्टर ऐसे कुल 5 लाख 5 हजार 500 रु. का माल जब्त किया. फिर्यादी सहायक पुलिस निरीक्षक सुनील अंबुरे की शिकायत पर रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## निर्वाचन आयोग ने जारी किया दिशा-निर्देश

### वोटिंग मशीन का प्रात्याक्षिक



**बुलंद-गोंदिया।** आगामी 20 नवंबर को विधानसभा आम चुनाव के लिए मतदान होगा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिलाधीश कार्यालय के सभागृह में जिलाधीश प्रजीत नायर की उपस्थिति में सर्वप्रथम जिला विज्ञान सूचना अधिकारी पंकज गजभिये ने पार्टी प्रतिनिधियों के समक्ष कम्प्यूटरीकृत वोटिंग मशीन का प्रात्याक्षिक कर दिखाया. इस अवसर पर उप जिला चुनाव अधिकारी किरण अंबेकर, ईवीएम नोडल अधिकारी डा. सी.डी. गोडघाटे, ईवीएम सहायक नोडल अधिकारी डा. पी. एस. शर्मा, डा. आर. आर. गावंडे, डा. जयंत खुरपडे के अलावा पार्टी प्रतिनिधि के रूप में भाजपा के तिजेश गौतम, शिवसेना शिंदे गुट के अमोल नतेश्वरी, कांग्रेस के राजकुमार पटले, एनसीपी के नानू मुदलियार उपस्थित थे.

## BOI में 1 ही काउंटर होने से ग्राहक परेशान



**अर्जुनी मोरगांव**-प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीयकृत बैंकों से जुड़े हैं. आम लोगों को दैनिक वित्तीय लेन-देन के लिए नियमित रूप से बैंक शाखा में जाना पड़ता है. तहसील में हजारों ग्राहकों के स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया में खाते हैं. यहां ग्राहकों को अपना ही पैसा निकालने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं. ग्राहकों का वित्तीय लेन-देन एक ही काउंटर से हो रहा है, जबकि बैंक शाखा में वित्तीय आदान- प्रदान के लिए दो काउंटर हैं. यहां मुख्य यातायात मार्ग पर बैंक ऑफ इंडिया की शाखा है. पूरे तहसील में कार्य क्षेत्र होने के कारण हजारों ग्राहक सामान्य जनता बैंक से जुड़ गए हैं. व्यस्त सड़क पर स्थित होने के कारण ग्राहकों को बैंक जाने में काफी परेशानी होती है. कई बार ग्राहकों को मोटर साइकिल रखने के लिए पार्किंग स्थल उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहनों को सड़क पर ही पार्क करना पड़ता है. बैंक में महिलाओं, पुरुषों व आम नागरिकों का दैनिक लेन-देन नियमित रूप से चल रहा है.

## नागपुर के दो शातिर मोटरसाइकिल चोर 11.40 लाख रु. के माल सहित गिरफ्तार



**बुलंद-गोंदिया।** गोंदिया जिला व जिले के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो शातिर अपराधियों को स्थानीय अपराध शाखा व तिरोड़ा पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है. उनके पास से 18 मोटरसाइकिल सहित कुल 11 लाख 40 हजार रु. का माल जब्त किया गया है. आरोपियों का नाम नागपुर जिले के मंगलवारी पेठ, उमरेड निवासी विक्की वसंता रामटेके (27) व नारायण नगर, मोहड ले आउट, उमरेड निवासी विक्रम रामेश्वर उके (42) बताया गया है. शातिर अपराधि विक्की रामटेके मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए रेलवे मार्ग से आकर बस स्टैंड, न्यायालय, साप्ताहिक बाजार, पार्किंग आदि भीड़ भाड़ वाली जगह में खड़े किए गए मोटरसाइकिल चुरा कर ले जाता था और चोरी की मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट बदलकर नकली आर.सी. तयार कर मोटरसाइकिल की बिक्री करता था. जिले में हुई मोटरसाइकिल चोरी के अपराधों में अपराधियों का तरीका, तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ मिली गुप्त जानकारी के आधार पर चोरी की गई मोटरसाइकिलों को जब्त करने में स्थानीय अपराध शाखा टीम को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अपराधियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने और अपराध की रोकथाम करने के निर्देश दिए थे. जिसके अनुसार स्थानीय अपराध शाखा गोंदिया ने अलग-अलग टीमें बनाकर अपराध से संबंधित गुप्त जानकारी हासिल की. जिले और जिले के बाहर अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाकर उनकी गतिविधियों, तकनीकी मामलों और आपराधिक रिकॉर्ड सत्यापन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए. मोटरसाइकिल चोरी की समानांतर जांच में पाया गया कि उपरोक्त आरोपी तिरोड़ा में दर्ज अपराध में शामिल थे. जिसके तहत उनको हिरासत में लिया गया. चोरी के संबंध में जब गहन पूछताछ की गई तो मुख्य आरोपी ने बताया कि तिरोड़ा क्षेत्र के वडेगांव, नवेझरी, एकोड़ी और भंडारा, चंद्रपुर, नागपुर आदि जिलों से मोटरसाइकिल चोरी की है. जिसके तहत आरोपियों के कब्जे से कुल 18 मोटरसाइकिल जब्त की गई. मोटरसाइकिलें व आरोपियों को तिरोड़ा पुलिस को सौंप दिया गया है. जांच उपविभागीय पुलिस अधिकारी साहिल झरकर के मार्गदर्शन में तिरोड़ा थाने के पुलिस निरीक्षक कर रहे हैं.

## उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी करपे का तबादला



**गोंदिया**-राज्य सरकार ने उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजवर्धन करपे का तबादला रत्नागिरी में कर दिया है. 15 अक्तूबर को उनके तबादले का आदेश प्राप्त हुआ. उनके स्थान पर अन्य अधिकारी की नियुक्ति की गई है. राजेंद्र केसकर अतिरिक्त कार्यभार सहायक प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजेंद्र केसकर को सौंपा गया है. करपे ने पिछले 3 वर्षों के कार्यकाल में मार्ग सुरक्षा विषयक उपक्रम पर विशेष जोर दिया था. इसमें दुर्घटना प्रवण स्थल का सर्वेक्षण व उपाय योजना, यातायात नियमों की जनजागृति व रास्ता सुरक्षा पर अमल आदि का समावेश है. उन्होंने कार्यालयीन कामकाज को गतिमान व लोकाभिमुख बनाने का भी प्रयास किया.

## जिला स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा विभोर अग्रवाल को मिला स्वर्ण विभागीय स्पर्धा के लिए चयन



**बुलंद गोंदिया।** जिला स्तरीय शालेय ताइक्वांडो स्पर्धा देवरी के क्रीड़ा संकुल में आयोजित की गई थी। जिसमें नटवरलाल माणिकलाल दलाल कॉलेज के छात्र विभोर नवीन अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। जिला स्तरीय स्पर्धा में प्रथम आने पर विभोर का विभागीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। विभोर की सफलता पर ताइक्वांडो गुरु निलेश फुलबांधे ,एनएमडी कॉलेज के प्रशिक्षक चेतन मानकर वह परिजनों उसे शुभकामनाएं देते हुए उसके खेल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थीयों की सॉफ्ट बॉल स्पर्धा में जीत




**बुलंद-गोंदिया**-श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था गोंदिया व्दारा संचालित तथा सी.बी.एस.सी. बोर्ड नई दिल्ली से सलग्नीत प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने क्रिडा संचालनालय तथा युवक सेवा संचालनालय व जिला क्रिडा अधिकारी कार्यालय, गोंदिया द्वारा आयोजित अंडर 19 सॉफ्ट बॉल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की तथा जिला स्तरीय स्पर्धा में अपनी दावेदारी सुनिश्चित की। सफल वि?द्यार्थी मा. कुनाल कुंभरे, मा. आयुष धुर्वे, मा. साहिल बुद्धरे, मा. निखिल मरकाम, मा. उमेन्द्र संग्राम, मा. मंगेश राऊत, मा. दुर्वेश उईके, मा. सुजल घातरे, मा. अतुल भोयर, मा. एकनाथ खोब्रा, मा. अजय वट्टी, मा. विशाल भलावी को संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीसती अल्का पंकज कटकवार, संस्था सचिव डॉ. निरज कटकवार, लिना रहांगडाले प्राचार्या श्रीमती मिनाक्षी महापात्रा, विकास पटले, क्रिडा शिक्षक फलेंद्र मेंढे, हेमा नायडू, इंदल लिल्हारे, पियुष बोरसारे, चेतना सुलाखे, कंचन चौधरी, दर्शना वढाई ने बधाई देते हुए जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए शुभकामनाएँ दी।

## 3 करोड़ 91 लाख का गोल्ड जप्त आमगांव लांजी सीमा पर फ्लाइंग स्कॉड की कार्रवाई



**बुलंद गोंदिया ।** चुनाव आचार संहिता के दौरान जिले की सभी सीमाओं पर विशेष पथक( फ्लाइंग स्कॉड) की टीम द्वारा जांच की जा रही है। इसी जांच के दौरान शनिवार 19 अक्टूबर की रात 9.30 से 10.00 बजे के दौरान आमगांव लांजी सीमा पर एक निजी वाहन से 7 किलो 892 ग्राम सोना जिसकी अंदाजन कीमत 3 करोड़ 91 लाख बताई जा रही है जिसे जप्त किया गया। गौरतलब है कि राज्य में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता की घोषणा होती ही चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विशेष पथक का गठन कर जिले में कड़ी नाकाबंदी की गई है। जिसमें मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए किसी भी प्रकार की नगद राशि साहित्य शराब या गोल्ड आदि का परिवहन अवैध रूप से ना किया जाए। इसी नाकाबंदी के दौरान फ्लाइंग स्काड वह विशेष पथक द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए आमगांव लांजी सीमा पर वाहन क्रमांक सीजी CG04N2876 में 7 किलो 892 किलोग्राम सोने के जेवरात जिसकी अंदाजन कीमत 3 करोड़ 91 लाख रुपए बताई गई है जिसका परिवहन किया जा रहा था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सोना छत्तीसगढ़ से लाकर गोंदिया जिले के आमगांव मार्ग होते हुए मध्य प्रदेश में ले जाया जा रहा था। इसके संदर्भ में पूछताछ किए जाने पर वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा समाधान कारक जवाब न दिए जाने पर सोना जप्त किया गया। उपरोक्त करवाई तहसीलदार आमगांव पुलिस निरीक्षक आमगांव द्वारा संयुक्त रूप से की गई तथा जप्त किया गया माल आमगांव पुलिस थाने में पंचनामा कर सील बंद किया गया इसके पश्चात सोना जिलाधिकारी कार्यालय के जिला कोषागार गोंदिया में भेजा गया। यह कार्यवाही जिलाधिकारी तथा जिला चुनाव अधिकारी गोंदिया जिला पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी चुनाव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक की गई। रविवार को उपरोक्त मामले की जांच के लिए इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी ,केंद्रीय जीएसटी के अधिकारियों द्वारा पहुंचकर मामले की जांच शुरू की है तथा जांच के पश्चात ही उपरोक्त मामले का खुलासा हो पाएगा।

पं. श्री दिनेशकुमारजी शर्मा ✆ 9422130597, 9579163978 ‖ पंडित बिहारीलाल दिनेशकुमार शर्मा मोटवानी चेंबर के पास, गंज वार्ड, गोंदिया ‖ पं. श्री आशिषकुमारजी शर्मा ✆ 9423191124, 9657972275

**गद्दी बिछाने, दवात में स्याही भरने, बही खाते लाने एवम् श्री महालक्ष्मी कुबेरादी, व्यापार पुस्तिका पूजन मुहुर्त**

**सर्वार्थसिद्धीप्रद पुष्य नक्षत्र**

**दिनांक 24/10/2024 गुरुवार (गुरु पुष्य शुभ योग)**

| | |
|---|---|
| प्रातः 06.22 से 07.47 तक | शुभ चौंघड़िया |
| प्रातः 08.07 से 10.24 तक | वृश्चिक लग्न (स्थिर लग्न शुभप्रद) |
| प्रातः 10.36 से 12.00 तक | चंचल (चर) चौंघड़िया |
| दोप. 12.00 से 01.25 तक | लाभ चौंघड़िया |
| दोप. 01.25 से 02.49 तक | अमृत चौंघड़िया |
| दोप. 02.14 से 03.48 तक | कुंभ लग्न (शुभप्रद स्थिर लग्न) |
| संध्या 04.14 से 05.38 तक | शुभ चौंघड़िया |
| संध्या 05.38 से 07.13 तक | अमृत चौंघड़िया |
| संध्या 07.13 से 08.49 तक | चंचल (चर) चौंघड़िया |
| रात्री 08.50 से 11.03 तक | मिथुन लग्न (लाभेश व धनेश की युति शुभ लक्ष्मी योग) |
| रात्रि 12.00 से 01.35 तक | लाभ चौंघड़िया |

**शुभ धनतेरस (धनत्रयोदशी)**

**दिनांक 29/10/2024 मंगलवार**

| | |
|---|---|
| प्रातः 07.47 से 10.04 तक | वृश्चिक लग्न (शुभप्रद) |
| प्रातः 09.12 से 10.36 तक | चंचल (चर) चौंघड़िया |
| प्रातः 10.36 से 12.00 तक | लाभ चौंघड़िया |
| दोप. 12.00 से 01.24 तक | अमृत चौंघड़िया |
| दोप. 01.57 से 03.28 तक | कुंभ लग्न (स्थिर व शुभप्रद) |
| दोप. 02.47 से 04.11 तक | शुभ चौंघड़िया |
| संध्या 04.47 से 06.23 तक | गोघूली बेला (श्रेष्ठपद) |
| संध्या 06.33 से 08.29 तक | वृष लग्न (स्थिरप्रद शुभ) |
| संध्या 07.12 से 08.48 तक | लाभ चौंघड़िया |
| रात्रि 08.29 से 10.43 तक | मिथुन लग्न (लाभेश धनभाव में व धनेश केंद्र) |
| रात्रि 10.24 से 12.00 तक | शुभ चौंघड़िया |
| रात्रि 12.00 से 01.36 तक | अमृत चौंघड़िया |
| रात्रि 01.01 से 03.15 तक | सिंह लग्न |

**शुभ दीपावली (दीपमालिका)**

**दिनांक 31/10/2024 गुरुवार**

| | |
|---|---|
| प्रातः 06.26 से 07.49 तक | शुभ चौंघड़िया |
| प्रातः 07.39 से 09.56 तक | वृश्चिक लग्न शुभप्रद |
| प्रातः 10.36 से 12.00 तक | चंचल (चर) चौंघड़िया |
| प्रातः 11.36 से 12.24 तक | अभिजीत मुहुर्त (सिद्धयोगप्रद) |
| दोप. 12.00 से 01.23 तक | लाभ चौंघड़िया |
| दोप. 01.23 से 02.47 तक | अमृत चौंघड़िया |
| दोप. 01.49 से 03.20 तक | कुंभ लग्न (स्थिरलग्न शुभप्रद) |
| संध्या 04.10 से 05.34 तक | शुभ चौंघड़िया |
| संध्या 04.46 से 06.22 तक | गोधुली बेला (प्रदोषकालयुक्त) |
| संध्या 05.34 से 07.11 तक | अमृत चौंघड़िया |
| संध्या 06.25 से 08.21 तक | वृष लग्न (शुभयोगप्रद) |
| संध्या 07.11 से 08.47 तक | चंचल (चर) चौंघड़िया |
| रात्रि 08.21 से 10.35 तक | मिथुन लग्न (लाभेश धनभाव में) |
| रात्रि 10.35 से 12.53 तक | कर्क लग्न (लग्नेश व धनेश की युति केंद्र धनदायक) |
| रात्रि 12.00 से 01.36 तक | लाभ चौंघड़िया |
| रात्रि 12.53 से 03.07 तक | सिंह लग्न (श्रेष्ठप्रद) |



दिपावली एवं नुतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

## एयर गन लेकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार स्थानीय अपराध शाखा की कार्रवाई



**गोंदिया**-अवैध रुप से एयर गन रखकर लोगों में दहशत फैलाने वाले युवक को स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम पांढराबोड़ी निवासी मनोज खेमलाल गराडे (30) बताया गया है. उसके पास से 10 रु. कीमत की एक लोहे की एयर गन (अग्निशस्त्र) जब्त की गई है. पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने विधानसभा चुनाव-2024 की पृष्ठभूमि में कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए जिले में कानून व्यवस्था तोड़ने वाले व अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों की पतासाजी करने के निर्देश दिए थे. जिसके अनुसार स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के नेतृत्व में चलाए गए रात्रि गश्ती कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पांढराबोड़ी परिसर में शारदा माता जुलूस के दौरान एक युवक अपने पास एयर गन रखकर लोगों में डरा रहा था. जिसकी शिकायत लोगों द्वारा की गई थी. जिसके आधार पर पांढराबोंडी निवासी आरोपी मनोज गराडे (30) को एयर गन के साथ हिरासत में लिया गया. आरोपी के खिलाफ ग्रामीण थाने में मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक शरद सैदाने, अंमलदार राजु मिश्रा, महेश मेहर, भुवन देशमुख, नेवालाल भेलावे, कोडापे, घनश्याम कुंभलवार ने की है.

## गुम हुए 7 मोबाइल मालिकों को लौटाए



**गोंदिया**-डुग्गीपार थाना क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल की शिकायत मिलते ही साइबर सेल कार्यालय गोंदिया की मदद से मोबाइल की तलाश की जाती है. डुग्गीपार थाना परिसर में गुम हुए 7 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को थाने में बुलाकर लौटाए गए. साथ ही डुग्गीपार क्षेत्र में मोबाइल की चोरी/गुम होने पर थाने शिकायत करने के लिए जनजागृति की गई. यह कारवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल के मार्गदर्शन में डुग्गीपार थाने के पुलिस निरीक्षक मंगेश काले, हवलदार जगदिश मेश्राम, दीपक खोटेले, राकेश राऊत, सिपाही निखिल राऊत ने की है.

## चलती कार पर लगी आग



**गोंदिया**-आमगांव-गोंदिया रोड़ पर स्थित गोरठा गांव के पास एक चौपहिया वाहन को अचानक आग लग गई. वह कार गोंदिया से आमगांव की ओर जा रही थी. इस आग में कार पुरी तरह जलकर खाक हो गई. चालक को आग लगने की जानकारी मिलते ही वह कार से बाहर निकल गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई.

## संपादकिय...

# किसने दहलाई दिल्ली?

दिल्ली के सीआरपीएफ स्कूल के बाहर ऐसा विस्फोटक धमाका हुआ कि राजधानी दहल उठी और पूरी दिल्ली में 'अलर्ट' घोषित करना पड़ा। रोहिणी के प्रशांत विहार में यह धमाका हुआ। यह इलाका आउटर रिंग रोड से मात्र 800 मीटर दूर स्थित है और प्रमुख बाजारों में इसकी गिनती होती है। गनीमत है कि सुबह 7 बजे के करीब का वक्त था और रविवार छुट्टी का दिन था। हालांकि लोग 'करवा चौथ' पर्व मनाने को अपने-अपने घरों में मौजूद थे। सडक़ पर लगभग सन्नाटा था, क्योंकि आवाजाही नगण्य थी, लेकिन विस्फोटक धमाका इतना प्रचंड था कि स्कूल की वह दीवार ढह गई और वहां गहरा गड्ढा हो गया। करीब 15 बंद दुकानों की इमारतें, बोर्ड और शीशे क्षतिग्रस्त हुए। करीब 3 किलोमीटर तक धमाके की गूंज सुनाई दी। जो लोग आसपास के पार्क में टहल रहे थे, वे धमाके की आवाज सुनकर एकबारगी तो सुन्न हो गए। गनीमत है कि कोई हताहत या घायल नहीं हुआ, फिर भी इसे सामान्य घटना नहीं मान सकते। एक दिन पहले शनिवार को घटनास्थल के पास ही महिलाओं की भीड़ 'करवा चौथ' की मेहंदी रचा रही थीं। घटनास्थल पर लोग अपनी कारें खड़ी कर सामने पूड़ी-सब्जी की दुकान पर यह व्यंजन खाते थे। स्कूल आने वाले अभिभावक और अन्य लोग घटनास्थल की दीवार से सटा कर ही अपने वाहन लगाते थे। दीवार की तरफ ही स्कूल के भीतर प्रार्थना हुआ करती थी। यदि धमाके का दिन और वक्त कुछ और ही होता, तो भारी तबाही लगभग तय थी। यह महज दहशत पैदा करने अथवा कोई संदेश देने या शरारतपूर्ण घटना नहीं हो सकती। यह आतंकी हमला भी हो सकता है। जांच एजेंसियां इसी कोण से जांच कर रही हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल ने बहुएजेंसियों की जांच के आदेश दिए हैं। बम निरोधक दस्ते और विशेषज्ञ श्वान दस्ते ने भी जांच में अपनी भूमिका निभाई है। वैसे एनएसजी, एनआईए, दिल्ली पुलिस की स्पेशल शाखा, फोरेंसिक लैब, गुप्तचर ब्यूरो आदि ने शुरुआती जांच के लिए घटनास्थल से नमूने लिए हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई हैं। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। यह विस्फोटक धमाका 7 सितंबर, 2011 के आतंकी हमले के बाद हुआ है, लिहाजा आश्चर्यजनक और खौफजदा भी है। यदि आतंकी हमले पर 'शक की सुई' टिकती है, तो आतंकी गुट कौनसा हो सकता है? अथवा इस साजिशाना हमले का मकसद क्या हो सकता है? दिल्ली में बीते 20 सालों के दौरान एक दर्जन विस्फोटक धमाके हुए हैं। उनमें से सिर्फ तीन ही ऐसे हमले थे, जिनमें जान-माल का नुकसान खूब हुआ। 2011 का आतंकी हमला दिल्ली उच्च न्यायालय के गेट नंबर 5 पर सुबह 10.15 बजे के करीब हुआ था। उस विस्फोट में 17 लोगों की मौत हुई और 76 लोग घायल हुए। उसके बाद दिल्ली में कोई बड़ी आतंकी घटना नहीं हुई। अब यह दीपावली का त्योहारी मौसम है। इस विस्फोटक धमाके ने दिल्ली की चिंताएं बढ़ा दी हैं। बाजारों में खरीददारी के लिए भीड़ उमड़ रही है, लिहाजा भीड़ की सुरक्षा सबसे अहम चुनौती है। सदर बाजार का ही उदाहरण लें, तो वहां 3-4 लाख लोग हर रोज खरीददारी करने आते हैं।

# सावधान : अनजाने में मिलावटखोरी के जहर का सेवन

आज के समय में शुद्ध आहार मिलना बेहद मुश्किल हो गया है क्योंकि हर कोई अपने फायदे के लिए दूसरों की जान लेने पर तुला है। कुछ सालों में देश में कैंसर, हृदय विकार, ब्रेन स्ट्रोक और मानवीय अंगो के विफल होने की तादाद अत्यधिक बढ़ गयी है। हर उम्र के लोगों में असामयिक मौत का आंकड़ा लगातार ऊंचाई छू रहा है और मनुष्य शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर हो रहा है। इन समस्या की मुख्य जड़ मिलावटखोरी का जहर और जहरीला प्रदुषण है। अनजाने में ही सही लेकिन मिलावटखोरी के जहर और प्लास्टिक का सेवन हम रोज कर रहे है। नागपुर का सरकारी अस्पताल, जो एशिया के बड़े अस्पतालों में गिना जाता है, वहां हाल ही में हजारों मरीजों को नकली दवाइयां बाँटी गयी। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लड्डू में पशु चर्बी के मिलावट का पर्दा फाश हुआ। फसल पर हानिकारक कीटनाशकों का छिड़काव, अनाजों को पोलिश, खाद्यपदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए घातक रासायनिक रंगों का प्रयोग, फलों को जल्द पकाने के लिए जानलेवा रसायनों का इस्तेमाल और नकली खाद्यपदार्थ का धड़ल्ले से प्रयोग कर आम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जाता है और खाद्य पदार्थों में अस्वछता की गंभीर समस्या तो पहले से ही बनी है। फसलों पर छिड़काव किये जानेवाले कीटनाशकों के जहर के असर का इसी बात से अंदाजा लगा सकते है कि छिड़काव के दौरान असावधानी होने पर मनुष्य तुरंत जान गवांता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2020 से 2021 में भारत में कीटनाशक विषाक्तता से संबंधित मौतों की संख्या में 6त्न की वृद्धि हुई हैं। पिछले सप्ताह नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेत से बहने वाले पानी को पीकर बाघ की मौत हो गयी, क्योंकि वह कीटनाशक मिश्रित जहरीला पानी था।

हमारे देश में त्योहार आते ही जरुरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है और आश्चर्य की बात है कि मांग बढ़ने पर पूर्ति की सामग्री सिमित होने के बावजूद सामग्री के सप्लाई में कमी नहीं आती है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र राज्य में कोजागिरी पूर्णिमा के दिन दूध का विशेष पेय बनाया जाता है। इस दिन दूध की मांग अन्य दिनों के मुकाबले दोगुनी से अधिक होने के बावजूद पूर्ति उससे भी ज्यादा उपलब्ध होती है। अब ऐसा नहीं हो सकता कि केवल खास दिवस पर ही दुधारू पशु दुगना दूध देते है और उत्पादन एक दिन में दुगना हो जायें। अगर गाय एक दिन में 10 लीटर दूध देती है, तो रोज की तरह 10 लीटर ही दूध देगी, फिर अचानक मार्केट में दूध की आपूर्ति कैसे बढ़ जाती है?



मिलावट की इस खाद्य सामग्रियों से स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करें? यह गंभीर सवाल उपस्थित होता है। गुणवत्ताहीन और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन के मामले में फिलहाल हम शिखर पर है। चिकित्सक कहते हैं कि जंक फूड खराब होता है, फलों का सेवन करना बेहतर है, लेकिन अब मार्केट में कैसे फल खरीदे? अपना एक अनुभव साझा कर रहा हूँ, दो दिन पहले मैंने शहर के मुख्य फल मार्केट से अच्छे गुणवत्ता के सेब और मौसंबी खरीदी थी। फलों का बाहरी आवरण देखकर, अच्छी तरह छाँटकर फल खरीदने के बावजूद दूसरे दिन ही उसमे से आधे से ज्यादा फल सड़ गए। फल खरीदते वक्त मैंने फल विक्रेता से आजकल के गुणवत्ताहीन फलों के बारे में शिकायत भी की थी, तो फल विक्रेता का कहना था, कि उनके पास के फल बहुत उच्च गुणवत्ता के है, कोई शिकायत नहीं होगी, फिर भी फल खराब निकले। फलों के जल्दी खराब होने की मुख्य वजह उन पर होने वाली घातक रासायनिक प्रक्रिया है और दूसरी वजह पल-पल बदलता मौसम है।

कंज्यूमर गाइडेंस सोसायटी ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट में पाया गया कि बाजार में उपलब्ध 79% ब्रांडेड या खुला दूध अयोग्यता का गंभीर विषय है। साल 2019 में दूध के पैकेट के 413 नमूनों का परीक्षण किया गया था, उनमें से केवल 87 दूध के नमूने ही भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानक विनिर्देशों के अनुसार योग्य पाए गए। स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालने वाले दूध में कुछ प्रमुख मिलावट यूरिया, फॉर्मेलिन, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, बोरिक एसिड, कास्टिक सोडा, बेंजोइक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, शर्करा और मेलामाइन हैं। दूध केवल हम पीते ही नहीं है, बल्कि हजारों तरह के खाद्यपदार्थ, मिठाइयां और व्यंजन बनाने में इसी दूध का प्रयोग होता है। हमारे देश में उत्पादन से ज्यादा दूध बेचा जाता है। आज दूध से बने खाद्य पदार्थों में शुद्ध दूध का स्वाद ही महसूस नहीं होता है। जबकि उत्पाद पूर्णत शुद्ध है, हमें ये समझाने का भरसक प्रयास विक्रेता करता है। रिसर्च कहता है कि देश में हर तीसरा व्यक्ति नकली दूध का सेवन कर रहा है।

आज की पीढ़ी बाहर खाना पसंद करती है, हर चीज उन्हें इंस्टेंट चाहिए, गुणवत्ता नहीं, सिर्फ स्वाद ही मायने रखता है। अक्सर सोशल मीडिया पर बहुत से वायरल वीडियो में स्ट्रीट फूड के रंगबिरंगे व्यंजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दिखाई पड़ते है। 20-30 रुपये के व्यंजन में भी खूब भर-भरकर बटर, पनीर डाला जाता है, जैसे वह शुद्ध बटर न होकर साधा पानी हो, उसकी कीमत के हिसाब से गुणवत्ता क्या होगी, वह हम समझ सकते है। निम्न दर्जे के खाद्य पदार्थ, अधिकतम पैकेट बंद मसाले, सॉसेज, चटनी, और तेल का अधिकतम प्रयोग, स्वच्छता की कमी नजर आती है। बहुत बार खाद्य पदार्थ तलने के बाद भी वह तेल बार-बार उपयोग में लाया जाता है। गर्म खाद्यपदार्थों में भी प्लास्टिक का प्रयोग बेहद हानिकारक है फिर भी उपयोग किया जाता है। ज्यादातर ऐसे व्यंजनों में गुणवत्ता से समझौता किया जाता है और पोषक तत्वों की जगह केवल विषाक्त तत्व ही दिखाई पड़ते है। बाहरी खाद्य पदार्थों में अधिकतर मिलावटी सामग्री के प्रयोग की संभावना ज्यादा होती है। उदाहरण के लिए अगर हम मार्केट से साबुत मसाले लाकर घर पर पिसा मसाला बनाएं, मूंगफली से तेल, दूध से पनीर, टमाटर से सॉस बनाये फिर भी मार्केट में तैयार उत्पाद से कई गुना महंगा उत्पाद हमारा होगा। फिर मार्केट में इतने सस्ते में उत्पाद कैसे बिकते है? जबकि महंगाई का जमाना है।

मिलावटी भोजन अत्यधिक विषैला होता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, मिलावटी भोजन के सेवन से दस्त, मतली, एलर्जी, मधुमेह, हृदय रोग, किडनी विकार, गुर्दे, कैंसर, लेथिरिज्म, तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग और यकृत सहित अंग प्रणालियों की विफलता शामिल है। कुछ मिलावटों में कार्सिनोजेनिक, क्लैस्टोजेनिक और जीनोटॉक्सिक गुण पाए गए हैं। लैंसेट के अध्ययन में पाया गया कि 2019 में भारत में दूषित पानी से पांच लाख से अधिक मौतें हुईं। हमारे देश में अधिकतर खाद्य पदार्थ हानिकारक तत्वों के साथ मौजूद है, देश में नकली शराब से भी हर साल बड़ी संख्या में मौतें होती है। आज किसी भी खाद्यपदार्थ को सौ फीसदी शुद्ध कहना बहुत मुश्किल है। जंक फ़ूड, मैदा, शक्कर, नमक, तेल पहले से ही धीमे जहर की तरह काम करके घातक बीमारियों से हमें जकड रहे है, ऊपर से देश में बढ़ता प्रदुषण हमारी सांसे कम कर रहा है। लैंसेट अध्ययन के अनुसार, 2019 में भारत में प्रदूषण के कारण 23 लाख से ज़्यादा असामयिक मौतें हुईं। इस मिलावटखोरी की दुनिया में कुछ भी शुद्ध होने का भरोसा नहीं होता। जागरूक रहें, दिखावे पर न जाएं, चटोरी जबान पर नियंत्रण रखें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, घर के खाद्य पदार्थों को ही प्राथमिकता दें और स्वस्थ रहें।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# बीज के नाम पर किसान के साथ धोखाधड़ी




**गोंदिया**-जिले में धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है और उसी के अनुरूप कंपनियां अपनी धान का बीज उत्पादित करती हैं और किसानों को बेचती हैं. लेकिन, गोरेगांव तहसील के सटवा में कंपनी द्वारा किसान को धोखा देने का मामला सामने आया है, क्योंकि उस बीज के धान की फसल 140 दिनों के बाद भी नहीं हुई है, यह कहकर कि यह 120 दिनों में तैयार होने वाला धान बीज है. इस मामले में किसान को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी और किसान की शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे उक्त किसान को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. गोरेगांव तहसील के सटवा के एक छोटे किसान ओमेंद्र शोभेलाल रहांगडाले ने आईटीआई फुलचूर के कृषि केंद्र से अपनी खेती के लिए प्रियंका कंपनी की धान की बीज खरीदीं. क्योंकि कृषि बारिश पर निर्भर थी और पानी का कोई स्रोत नहीं था, इसलिए हल्के धान की बीज (कम दिनों में उपज देने वाले) चाहते थे. बीज खरीदने के समय कहा गया था कि धान की फसल 120 दिनों में कटाई के लिए आ जाएगी. जिसके अनुसार, उसने 11 जून 2024 को उक्त प्रियंका कंपनी की 120 दिनों की उपज वाले बीज एसआरटीएसई 27/0371041 ए आरआई के 10 किलोग्राम के 2 बैग 1660 रु. में खरीदे और 12 जून को लगाए, लेकिन 120 दिन बीत जाने के बाद भी धान की फसल उपजाऊ नहीं होने से किसान चिंतित होने लगे. उसने कृषि केंद्र के संचालक रहांगडाले से इस बारे में पूछा और कंपनी को जानकारी दी. इस संबंध में इस बीज की खेती से किसान को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है क्योंकि 120 दिन में निकलने वाला बीज 140 दिन में भी नहीं निकला है तथा सिंचाई की भी कोई सुविधा नहीं है. इस संबंध में प्रियंका कंपनी टालमटौल जवाब देकर गुमराह कर ही है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. इसलिए ओमेंद्र रहांगडाले ने हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग कंपनी से की है.

# मोबाइल ऐप से जनरल टिकट में बढ़ोत्तरी



**गोंदिया**-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है. इस श्रृंखला में ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है. इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकर टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की बाध्यता समाप्त हो गई है. इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है व दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है. यात्रियों को टिकट काउंटरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने तथा शीघ्र टिकट उपलव्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है. वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक कुल आरक्षित टिकटों की बुकिंग में प्रतिशत से भी मोबाइल टिकटिंग से बुक यात्रियों की संख्या में 19.85 प्रतिशत रहा. क्क्र काउंटरों पर भी क्क्र डिवाइस की सुविधा पिछले वर्ष इसी अवधि में 11.97 प्रतिशत रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि त्वरित घर बैठे आसानी से इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने की इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाए. यात्री सुविधाओं में डिजिटलीकरण का समावेश हमेशा से रेलवे का लक्ष्य रहा है. इसके अलावा इस व्यस्वस्था को और अधिक सुविधायुक्त बनाने के लिए बुकिंग सहित पीआरएस काउंटरों पर भी क्यूआर डिवाइस की सुविधा दी गई है.

# टीबी मुक्त ग्रापं से सालेकसा का गांधीटोला हुआ सम्मानित

## 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प

**सालेकसा**-राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक केंद्र सरकार का संकल्प पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाना है. जिसके अनुसार राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान सम्मान समारोह के अवसर पर 65 ग्राम पंचायतों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया. इस बीच सालेकसा तहसील की गांधीटोला ग्राम पंचायत को भी टीबी मुक्त ग्राम पंचायत से सम्मानित किया गया. महात्मा गांधी की प्रतिमा को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व क्षय रोग के आविष्कारक रॉबर्ट कॉक की प्रतिमा को माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई. जिसके बाद जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरुगानंथम एम., जिला



सर्जन डा. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेडे,जिला क्षय रोग अधिकारी अभिजीत गोल्हार, सामान्य प्रशासन विभाग के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद पिंगले, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंद वाघमारे, जिला हिवताप अधिकारी विनोद चव्हाण, जिला मातृ व शिशु देखभाल अधिकारी डा. रोशन राऊत की उपस्थिति में जिला परिषद के स्व. यशवंतराव नाईक सभागृह में सालेकसा तहसील के गांधीटोला ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के रूप में सम्मानित किया गया.

### क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में तहसील प्रथम

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में गोंदिया तहसील प्रथम स्थान पर तथा सड़क अर्जुनी तहसील दूसरे स्थान रहा. राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक केंद्र सरकार का संकल्प पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाना है. जिसके अनुसार, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान सम्मान समारोह के अवसर पर 65 ग्राम पंचायतों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया.

# लाइसेंसी हथियार जमा करने के दिए गए आदेश

## आचारसंहिता खत्म होने के बाद लौटाए जाएंगे



**गोंदिया**-विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता की घोषणा होते ही जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने चुनाव के सुचारू संचालन के लिए लाइसेंसी हथियार जमा करने का आदेश दिया है. आदेश जारी होते ही जिले के 529 में से 498 हथियार संबंधित थाने में जमा करा दिए गए हैं. शेष 31 हथियार को जमा कराने की कार्यवाही चल रही है. आचार संहिता खत्म होने के बाद थाने में जमा कराए गए ये हथियार वापस कर दिए जाएंगे, चाहे राजनेता हों या व्यापारी, विभिन्न दलों के नेताओं और अधिकारियों के अलावा आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाते हैं. ये शस्त्र लाइसेंस गृह विभाग की अनुमति से जिला प्रशासन व पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जारी किए जाते हैं. जिले में 529 लोगों ने शस्त्र लाइसेंस बनवाए हैं. फिलहाल विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा हो चुकी है. चुनाव अवधि के दौरान, राजनीतिक बहस और दुश्मनी भड़कने की संभावना है. इसलिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त समिति ने सभी थानेदारों को पिस्टल, राइफल और अन्य हथियार जमा करने का निर्देश दिया है. चुनाव अवधि में भाग लेने वाले, दंगों में सीधे तौर पर शामिल रहे लोगों और अपराध में शामिल रहे लोगों के हथियार जमा किए जाएंगे. उसका पुलिस रिकार्ड भी जांचा जाएगा. पुलिस सूत्रों ने बताया कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों के हथियार जमा नहीं किए जाएंगे. अब तक 529 में से 498 लोगों ने अपने हथियार संबंधित थाने में जमा करा दिए हैं.

# 4 साल की मासूम से कुकर्म, आरोपी अरेस्ट



**भंडारा**-पिछले कुछ समय से राज्य में बेटिया सुरक्षित नहीं रह गई है. महिलाओं और किशोरियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं. तुमसर तहसील में एक बच्ची के साथ हैवानियत की घटना घटी है. तुमसर पुलिस थानांतर्गत आने वाले एक ग्रामीण इलाके में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ घर के सामने रहने वाले एक नाबालिग ने दुष्कर्म कर दिया है. यह घटना सोमवार, 21 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे की है. उस छोटी बच्ची ने अपनी मां को तुतलाते हुए उस असहाय दर्द के बारे में बताया, तब यह आक्रोशपूर्ण घटना सामने आई. बाद में मां ने परिवारजनों को इस घटना की जानकारी दी, इसके बाद परिजन तुमसर पुलिस के पास पहुंचे. घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए तुमसर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी किशोर को अपने कब्जे में ले लिया है. आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि घर के सामने खेल रही पीड़ित बालिका को खाजा खिलाने का लालच देकर अपने घर ले गया. परिचित होने के कारण वह उसके साथ चली गई. आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया है. आरोपी नाबालिग है, इसलिए तुमसर पुलिस ने पीड़िता के खिलाफ पोक्सो की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है. फिलहाल आरोपी पुलिस के कब्जे में है. उसे बाल सुधार गृह भेजने की तैयारी की जा रही है.

# सुविधाओं के अभाव से यात्री हो रहे हैं परेशान

## जनप्रतिनिधियों ने इंटरसिटी स्टॉपेज का दिया आश्वासन

**गोंदिया**-सालेकसा रेलवे स्टेशन में कई सुविधाएं नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. महाराष्ट्र के पूर्वी छोर पर स्थित सालेकसा तहसील अत्यधिक संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है. यहां का रेलवे स्टेशन विकास से कोसों दूर है. इस रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नहीं होने के कारण दोपहर में रेलवे स्टेशन सूना रहता है. सालेकसा से नागपुर के लिए कुर्ला एक्सप्रेस का प्रस्थान समय सुबह 9.30 बजे है. इसके बाद शाम 5 बजे तक नागपुर के लिए कोई ट्रेन नहीं है. सालेकसा से रायपुर के लिए भी सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कोई ट्रेन नहीं है. ट्रेनों की कमी के कारण यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है. नागपुर से रायपुर तक कई एक्सप्रेस ट्रेनें इस मार्ग से गुजरती हैं. छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और कुर्ला एक्सप्रेस को छोड़कर, कोई अन्य एक्सप्रेस सालेकसा में नहीं रुकती है. कई बार जनप्रतिनिधियों ने इंटरसिटी और अहमदाबाद एक्सप्रेस का स्टॉपेज देने का आश्वासन दिया, जो केवल खोखला साबित हुआ. यहां का रेलवे स्टेशन कई सालों से विकसित नहीं हुआ है. व्यवसायियों, विद्यार्थियों व नागरिकों के लिए रेल मार्ग सुविधाजनक होने से अधिकांश




लोग रेलवे का उपयोग करते हैं. हालांकि, सालेकसा स्टेशन में सुविधाओं की कमी के कारण लोग परेशान हो गए हैं. तहसील होने के कारण, यहां तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, वन विभाग कार्यालय, ग्रामीण अस्पताल, पुलिस स्टेशन, डाकघर के साथ ही 3 महाविद्यालय, 3 कनिष्ठ महाविद्यालय, 3 से 4 हाईस्कूल आदि अनेक महत्वपूर्ण कार्यालय हैं. हालांकि ट्रेनों की कमी के कारण नागरिकों, छात्रों, व्यापारियों, कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिलता है. ऐसे में ऐसा प्रतीत होता है कि यहां का रेलवे स्टेशन विकास से कोसों दूर है. इस रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नहीं होने के कारण दोपहर में रेलवे स्टेशन सूना रहता है.

### डिस्प्ले नहीं होने से यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

सालेकसा रेलवे स्टेशन में कोच डिस्प्ले की सुविधा नहीं होने से अनेक यात्रियों को परेशान होना पड़ता है. जिसमें महिला और वृद्ध लोगों को काफी परेशानी होती है. इस रेलवे स्टेशन में सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने से भी अनेक यात्रियों को परेशान होना पड़ता है. रेलवे स्टेशन में ट्रेन आने के 15 मिनट पूर्व ट्रेनों के बोगियों की स्थिति बताई जाती है. इस रेलवे स्टेशन से हर दिन सैकड़ों की संख्या में यात्री यात्रा करते है. इस स्टेशन में कोच डिस्प्ले की सुविधा नहीं होने से अनेक यात्रियों को अपनी बोगी तक पहुंचने के लिए काफी कसरत करनी पड़ती है.

## ई-लोकार्पण के बाद भी कर्मचारी नहीं

# स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बंद होने से इमारत में ताला

**गोंदिया**-उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने 7 मार्च को सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सड़क अर्जुनी तहसील के ग्राम खोबा में स्वास्थ्य उप-केंद्र भवन का ई-लोकार्पण किया। लेकिन, इस उपकेंद्र में कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से मरीजों की सेवा बंद हो गयी है। जिससे इस क्षेत्र के नागरिक स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं। गट ग्राम पंचायत खोबा के अंतर्गत गोसाई कोकणा, चिंगी गांवों की जनसंख्या 3 हजार 800 है। हलबीटोला खोबा में 80 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण कराया गया। चार साल पहले बनी इस इमारत का उद्घाटन 7 मार्च को ई-लोकार्पण के जरिए हुआ था। उस समय ई-लोकार्पण के माध्यम से चिखली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया गया था। ई-लोकार्पण के बाद खोबा में स्वास्थ्य उपकेंद्र के उद्घाटन के दौरान कोकना में स्वास्थ्य उपकेंद्र के



कर्मचारियों ने तीन दिनों तक अस्थायी रूप से सेवा दी। उसके बाद से इस स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कोई भी स्वास्थ्य कर्मी नहीं आया। खोबा स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्वास्थ्य सेवाएं अभी भी इस क्षेत्र के नागरिकों के लिए बंद हैं। गोसाई कोकणा के धनंजय असाटकर ने तहसील स्वास्थ्य अधिकारी दोनोडे को खोबा के स्वास्थ्य उपकेंद्र के बारे में पुछा तो उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति नहीं होने का कारण बताया। नागरिक स्वास्थ्य सेवा से वंचित दरअसल खोबा स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन बन चुका है और वहां बिजली, पानी, फर्नीचर जैसी कोई सुविधा नहीं है और स्वास्थ्य कर्मी नहीं आने से यहां सेवाएं बंद हैं। स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और यहां के नागरिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। इसी तरह खोबा उपकेंद्र के अंतर्गत गोंडी खोबा, खोबा, चिंगी, वांगी, कोरेटोली, वाटपुडेटोली गांव के नागरिक सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र से वंचित हैं।

# महिला मजदूर पर जंगली सुअर ने किया हमला

**लाखनी (भंडारा)**-धान की फसल की कटाई के लिए गई महिला मजदूर पर जंगली सुअर ने हमला करके घायल कर दिया। घटना तहसील के ढिवरखेड़ा खेत परिसर में सोमवार, 21 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे के दौरान हुई। घायल महिला मजदूर का नाम वाकल निवासी माधुरी किशोर बैस (29) है। घायल महिला ढिवरखेडा के प्रशांत घागर के खेत में फसल की कटाई करने गई थी। फसल की कटाई करते समय अचानक जंगली सुअर ने महिला मजदूर पर हमला करके घायल



किया। घायल महिला को इलाज क लिए ग्रामीण अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना की जानकारी लाखनी वनविभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही वनविभाग के क्षेत्र सहायक मुकेश श्यामकुवर ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा किया। चुलबंद नदी तट के इस परिसर में जंगली सुअर ने उत्पात मचा रखा है और फसल का नुकसान कर रहे हैं। जिसके कारण किसान लाचार हो गया है।

# दासगांव खुर्द में महिलाओं ने बीयर बार खोलने का किया विरोध

**गोंदिया**-गोंदिया तहसील अंतर्गत आने वाले दासगांव खुर्द में नई विदेशी शराब दुकान खुलने के विरोध में गांव की महिलाओं ने 21 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपकर इस बीयर बार का विरोध किया है. रावणवाडी थाने के तहत दासगांव खुर्द में एक नई बीयर बार खोलने के लिए प्रशासकीय मंजूरी के लिए आवेदन किया गया है. गांव की महिलाएं और ग्राम पंचायत सदस्यों ने गांव में विदेशी शराब दुकान के विरोध में जिलाधीश, राज्य उत्पादन शुल्क विभाग, सांसद प्रफुल पटेल, विधायक विनोद अग्रवाल को 21 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपकर बियर बार खुलने से गांव में नागरिकों को विभिन्न परेशानी का सामना करना पड़ेगा, जिस स्थान पर यह विदेशी शराब दुकान खुल रही है उस स्थान से स्कूल और मंदिर की दूरी नजदीक है तथा स्कूल जाने वाले छात्रों



पर इसका विपरीत परिणाम पड़ेगा. इसलिए गांव की महिलाओं ने इस बियर बार का विरोध कर संबंधित विभाग से गुहार लगाई है कि इस विदेशी शराब की दूकान को खोलने की अनुमति ना दे. गांव की महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि यदि यह विदेशी शराब दुकान दासगांव खुर्द में खुल गई तो वह गांव में आंदोलन शुरू कर देंगे. गत कुछ माह से जिले में संबंधित विभाग विदेशी शराब दुकान की बड़े पैमाने में लायसेंस दे रही है. जिस वजह से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बीयर बार बड़े पैमाने पर खुल रही है और युवा वर्ग शराब के आदी हो रहे हैं. अब देखना है कि दासगांव में खुल रही बियर बार का गांव की ही महिलाएं और अन्य नागरिकों का विरोध होने के बाद में भी संबंधित विभाग क्या कदम उठाता है. होलन पटले, सुनिता टेंभरे, सोनल खरे, सीमा बिसेन, वर्षा रहांगडाले, लता गजभिये, लता दुधबुरे आदि सैकड़ों महिलाओं ने बीयर बार का विरोध कर संबंधित विभाग से न्याय की गुहार लगाई है.

# बस चालक व रापनि अधिकारी में हाथापाई सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**साकोली (भंडारा)**-एसटी बस का चालक एवं रापानि के अधिकारी के बीच हुई हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच विवाद छिड़ा। विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ समय पश्चात दोनों में हाथापाई शुरू हुई। यह घटना दो दिन पूर्व शुक्रवार को साकोली डिपो के गेट पर हुई। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को अपने मोबाइल में कैद किया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार साकोली डिपो के गेट पर शुक्रवार को दो कर्मचारियों में तू-तू-मैं-मैं शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार बस चालक पंकज काटनकर एक सप्ताह से ऊपर लंबी छुट्टी पर था। किसी ठोस वजह के अलावा त्योहारों के दिनों में छुट्टी पर होने के कारण रापानि की कार्यशैली के अनुसार की जा रही कार्रवाई के कारण वाहन परीक्षक प्रदीप करंजेकर के साथ बस चालक पंकज का विवाद हुआ था। विवाद कुछ देर पश्चात हाथापाई में तब्दील हुआ। हाथापाई में दोनों कर्मचारी एक दूसरे से मारपीट करते हुए वीडियों में नजर आ रहे हैं। हाथापाई कर रहे दोनों कर्मचारियो का वीडियो बनाने वाले को बस चालक ने मारपीट की, ऐसा कुछ यात्रियों का कहना है। इस घटना का



वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के पश्चात दोनों के खिलाफ रापानि के नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई है।

### दोनों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई

बस चालक पंकज काटनकर तथा वाहन परीक्षक प्रदीप करंजेकर दोनों में हाथापाई की घटना शुक्रवार को हुई। जिसका वीडिओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना के पश्चात दोनों कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

**- तनुजा अहिरकर, विभागीय नियंत्रक रापानि भंडारा**

# आंदोलन की चेतावनी के बाद झुका प्रशासन छोटा गोंदिया में नहीं बनेगा कचरा घर

**गोंदिया**-छोटा गोंदिया की जनता के द्वारा छेड़ा गया डंपिंग यार्ड कचरा प्रोसेसिंग सेंटर हटाओ मुहिम को मिली सफलता, छोटा गोंदिया में नहीं बनेगा कचरा प्रोसेसिंग सेंटर, छोटा गोंदिया की जनता के द्वारा विगत कुछ महीनो से छोटा गोंदिया में बनने वाले कचरा प्रोसेसिंग सेंटर को लेकर के जनता के द्वारा पुरजोर तरीके इस समस्या का छोटा गोंदिया वासियो द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध करते हुए जिलाधिकारी, नगर पालिका प्रशासन, से लेकर के सभी नेताओं को निवेदन दिया गया था। जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओ छोटा गोंदिया वासियो के साथ इस आंदोलन में सहयोग करने के लिए अपनी ओर से पत्र भी जारी किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित डीपीडीसी मीटिंग में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के द्वारा कचरा प्रक्रिया सेंटर का पुरजोर तरीके से विरोध भी किया गया। फिर भी प्रशासन द्वारा लिखित में किसी भी प्रकार का पत्र छोटा गोंदिया वासीयो को नहीं दिया गया।इसके पश्चात स्थानीय आमदार विनोद जी अग्रवाल के द्वारा छोटा गोंदिया वासीयो की जन भावना का सम्मान करते हुए, और भविष्य में छोटा गोंदिया क्षेत्र में कचरा प्रोसेसिंग सेंटर से होने वाली परेशानियों को देखते हुए जिलाधिकारी गोंदिया व नगर पालिका प्रशासन से छोटा गोंदिया के अलावा अन्य किसी दूसरी जगह कचरा प्रोसेसिंग सेंटर बनाने की मांग की गई।क्योंकि यहां पर पांगोली नदी, महाकाल मंदिर,मोक्षधाम, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का पवित्र



अस्थि कलश है। जिसके कारण इस क्षेत्र में कचरा प्रोसेसिंग सेंटर बना तो बड़े पैमाने पर जनभावना के आहत होंगी।जिसको देखते हुए नगर पालिका प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी को स्थानीय विधायक महोदय के पत्र के आधार पर छोटा गोंदिया वासियो की मांग से अवगत कराते हुए पत्र भेजा गया। जिसमें जगह हस्तांतरण कर कचरा प्रोसेसिंग सेंटर के लिए किसी दूसरी जगह की खोज की बात कही है। जिससे प्रशासन में बैठे अधिकारियों ने आने वाले समय में यह मांग किसी बड़े आंदोलन का रूप ना ले, इस कारण छोटा गोंदिया में कचरा प्रोसेसिंग सेंटर बनाने के अपने फैसले को किसी अन्य दूसरी जगह हस्तांतरण करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए छोटा गोंदिया की समस्त जनता की ओर से सांसद प्रफुल पटेल, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन,पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, गोंदिया विधानसभा के विधायक विनोद अग्रवाल, गोंदिया नगर परिषद के पूर्व नगर उपाध्यक्ष शिव शर्मा, मनसे जिला अध्यक्ष मनीष चौरागढे, नगर परिषद के पूर्व नियोजन सभापति बंटी पंचबुधे, वह अन्य सभी व्यक्ति जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से छोटा गोंदिया में डंपिंग यार्ड, कचरा प्रोसेसिंग सेंटर नहीं बने इसके लिए सहयोग दिया। उनका समस्त छोटा गोंदिया की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया गया। जिसमें प्रमुख रूप पोमेद पटले,तेजराम भगत, दिलीप बिसेन नंदू भाऊ शनवारे ,रामनाथ बिसेन, गुडडू बिसेन, मुकेश कुमार मिश्रा,राजू बिसेन, देवेंद्र बिसेन, राजेश वाडईकर,विनोद पंधरे, छोटू पंचबुद्धे, बडू ठाकरे, लोकेश बिसेन, अनिल शरणागत,पपू टेंभरे ,शोभेलाल पटले ,रवि नेवारे, किसन भगत, राजू पंडितकर, सुरेश ठवकर, नानू चौधरी, सतीश गलोले, संतोष पटले, ताराचंद, कुम्भलकर,विदेश उके,कड़व काकाजी उमेश शुक्ला, अनिल, पारधी,राहुल नागरिकर, विष्णु नागरिकर, संतोष कायते, राजू बघेले, छोटू ठाकरे,रोशन पाचे, आदि छोटा गोंदिया के नागरिकों द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से छोटा गोंदिया को कचरा घर नहीं बनने देने की छोटा गोंदिया वासीयो की मांग को समर्थन देने वाले और प्रशासन को छोटा गोंदिया की मांग के आगे झुकने पर मजबूर करने वाले सभी नेता व सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# केशोरी में मतदान जनजागृति उपक्रम

**अर्जुनी मोरगाव** - विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है. प्रशासन के चुनाव कामों में तेजी आ गई है. इसी के चलते पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो और मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं. उसी के एक भाग के रूप में स्वीप अंतर्गत गांव-गांव बाजार के जगह पर जाकर मतदाताओं से मतदान करने के बारे में समझाने का प्रयास किया जा रहा है. इसी के चलते केशोरी के साप्ताहिक बाजार में भेंट देकर वहां के नागरिकों को इस संबंध में जानकारी दी गई. इस दौरान बाजार में इकट्ठा भीड़ को निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई. इस अवसर पर विविध दुकानदार व




परिसर के बंगाली नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया गया. इसी प्रकार विविध घोषणा देकर सभी का ध्यानकर्षित किया गया. उक्त कार्यक्रम अर्जुनी मोरगांव उपविभागीय अधिकारी वरुणकुमार सहारे के मार्गदर्शन में लिया गया. इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी स्वाती तायडे, मीडिया के नोडल अधिकारी डॉ. शरद मेश्राम, नयनकुमार शहारे व बोरीकर आदि उपस्थित थे.

# बूचड़खाने ले जा रहे मवेशियों के दो वाहन पकड़े, 27.99 लाख रु. का माल जब्त

**गोंदिया**-रामनगर पुलिस व गोरेगांव पुलिस ने बूचड़खाने ले जा रहे मवेशियों के दो वाहन पकड़े. पुलिस ने 41 मवेशियां, दो वाहन सहित कुल 27 लाख 99 हजार रु. का माल जब्त किया है. पहिली कार्रवाई रामनगर थाने के तहत कुड़वा नाका में नाकाबंदी के दौरान की गई. जहां ट्रक क्र. एमएच 40 ङ्क बीएल 8431 को 37 मवेशियों सहित पकड़ा गया. आरोपी अंधेरे का फायदा लेकर फरार हो गए. ट्रक में 8 मवेशियां मृत पाई गई. पुलिस ने 37 मवेशियां व ट्रक सहित कुल 22 लाख 59 हजार रु. माल जब्त किया है. फिर्यादी हवलदार सुनील चव्हाण की शिकायत पर रामनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक वाघमोडे कर रहे हैं. दूसरी कार्रवाई गोरेगांव थाने के तहत ग्राम तानुटोला में की गई. जहां



महिंद्रा बोलेरो पीकअप वाहन को 4 मवेशियों के साथ पकड़ा गया. इस कार्रवाई में 4 मवेशियां व एक वाहन ऐसा कुल 5 लाख 40 हजार रु. का माल जब्त किया गया. फिर्यादी हवलदार बिजेंद्र बिसेन (42) की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक सुजित घोलप कर रहे हैं.

# रेत चोरों के खिलाफ कार्रवाई

**भंडारा**-पुलिस ने अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे दो वाहनों पर कार्रवाई कर लाखों रुपये का माल जब्त किया है. पहली कार्रवाई साकोली पुलिस ने लवारी/उमरी रेत घाट से ट्रक क्र. एमएच 36/एए-3307 द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने की जानकारी मिली. पुलिस ने ट्रक को रोका और ढाई ब्रास रेत समेत 10 लाख 10 हजार रुपये कीमत का माल जब्त किया. इस कार्रवाई में आरोपी उमरी निवासी आरोपी लोकेश ऋषी वाघाडे (32) व गोलू उर्फ ओमप्रकाश ईस्तारू धुर्वे (28) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

## दवा छिड़काव से मजदूर की मौत

**भंडारा**-फसल को दवा छिड़काव के समय बेहोश हुई व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक का नाम भुयार निवासी बंडू शिवा बालबुधे (58) है. मृतक बंडू अपने चचेरे भाई राजेश्वर राघोजी बालबुधे के साथ धान की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गया था. छिड़काव के दौरान वह बेहोश हो गया. उसे इलाज के लिए ग्रामीण अस्पताल भिवापुर में भर्ती कराया गया.

## सक्रिय कार्यकर्ताओं की बूथ कमेटी बनाएं : पूर्व विधायक जैन
### जुनेवानी में राकांपा की बैठक आयोजित



**गोंदिया**-तहसील के ग्राम जुनेवानी (गंगाझरी) में जिला परिषद क्षेत्र एकोडी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बूथ पदाधिकारियों की पूर्व विधायक राजेंद्र जैन की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई. जिसमें जैन ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रत्येक बुथ पर काम करने वाले उत्साही व सक्रिय कार्यकर्ताओं के अवसर देकर प्रत्येक बुथ निहाय सक्रिय व क्रियाशील कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जाए. उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में कृषि की सिंचाई की सुविधा और किसानों के हाथों को काम देने के लिए सांसद प्रफुल पटेल के प्रयासों से धापेवाड़ा परियोजना से खडबंदा जलाशय में पानी लाया गया. किसानों को बोनस, लाड़की बहिन योजना, लड़कियों के लिए मुफ्त उच्च शिक्षा, मुफ्त तीन सिलेंडर योजना, बलिराजा मुफ्त बिजली योजना, युवा कार्य प्रशिक्षण ये सभी राकांपा द्वारा जनहित में किए गए कार्यों के प्रतीक हैं. अब अपने क्षेत्र की समग्र प्रगति, विकास लक्ष्यों के लिए अपनी ताकत का उपयोग करने का समय है. इस अवसर पर देवेंद्रनाथ चौबे, राजेश कटरे, अश्विनी पटले, प्रकाश पटले, रविकुमार पटले, द्वारका साठवने, हितेश पताहे, कृष्णकुमार पटले, भुवन भगत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# नेताओं ने अधिकारियों पर बढ़ाया दबाव

**गोंदिया**-नगर परिषद अंतर्गत 2 करोड़ 56 लाख रु. के बकाया बिल को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाए जाने की जानकारी है. फरवरी माह में तत्कालीन मुख्याधिकारी ने एक विशेष योजना के तहत 2 करोड़ 56 लाख की निधि से 36 कार्य कराने का टेंडर निकाला था. बताया जा रहा है कि इस टेंडर प्रक्रिया में काफी अनियमितताएं हुई हैं और अब बिल निकालने के लिए दबाव बनाया जा रहा है. नगर परिषद के तत्कालीन मुख्याधिकारी ने विशेष योजना के तहत 2 करोड़ 56 लाख रु. के कार्यों का टेंडर निकाला. चेक द्वारा पैसा जमा किया गया. इतना ही नहीं, चर्चा यह भी है कि टेंडर तिथि बीत जाने के बाद भी कुछ ठेकेदारों ने अपना ईएमडी आवेदन नगर परिषद कार्यालय में जमा किया है. इसके बाद टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगा था. नियमों को ताक पर रखकर ठेकेदारों ने टेंडर राशि बिना एफडी, डीडी या नकद जमा कराए ही कार्यों का बिल बनाकर नगर परिषद कार्यालय में जमा कर दिया. कुछ लोगों ने जिलाधीश से शिकायत की कि उस बिल को निकालने के लिए मुख्याधिकारी पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है. लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है. शिकायतकर्ताओं ने जिलाधीश से इन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया की गहन जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. जिलाधीश से की शिकायत चुनाव की आचार संहिता लागू होने के साथ ही नगर परिषद यंत्रणा भी इस काम में व्यस्त हो गया है. लेकिन इसके बाद खबर है कि नगर परिषद के कर्मचारियों ने 60 से 70 लाख रु. का बकाया बिल चुकाने के लिए हाथ खड़े कर दिए हैं. इसलिए शिकायतकर्ताओं ने जिलाधीश से मामले का तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है.




## जिले में चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से अनाधिकृत बोर्ड, झंडे लगाने पर रोक



**गोंदिया**- राजनीतिक दलों, उनके शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं को 25 नवंबर तक चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चुनाव प्रचार के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों पर बिना अनुमति के प्रचार बोर्ड, झंडे आदि लगाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है. इस आदेश के अनुसार घुमते वाहनों पर पार्टी का प्रचार ध्वज वाहन के बाईं ओर विंडो स्क्रीन ग्लास के ऊपर नहीं लगाया जाएगा और वाहन के शीर्ष से दो फीट से अधिक ऊंचा नहीं होना चाहिए. मोबाइल प्रचार वाहनों पर वाहन के बाईं और दाईं ओर चालक की सीट के पीछे कपड़े के पैनल लगाए जाने चाहिए. इसे किसी अन्य पक्ष से लागू नहीं किया जाएगा. मोबाइल वाहनों पर प्रदर्शित किए जाने वाले पार्टी प्रचार ध्वज या कपड़े के बोर्ड को उस वाहन के अलावा किसी अन्य वाहन पर प्रदर्शित नहीं किया जाएगा, जिसे संबंधित पार्टी के जिला अध्यक्ष, उम्मीदवार और चुनाव प्रचार के लिए चुनाव निर्णय अधिकारी से आधिकारिक अनुमति प्राप्त हुई हो. ये आदेश चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक लागू रहेंगे. जिलाधीश ने यह भी आदेश दिया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी. विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. जिले में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, भयमुक्त व निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी ने किसी भी निजी स्थान, इमारत, दीवार आदि का उपयोग मालिकों की पूर्वानुमति के बिना चुनाव प्रचार के लिए प्रतिबंधित कर दिया है.

## महावीर मारवाड़ी जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस की छात्राओं का किया सत्कार



बुलंद-गोंदिया।महाराष्ट्र राज्य कनिष्ठ महाविद्यालय हिंदी अध्यापक संघ द्वारा जिले में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पल्लवन स्पर्धा तथा काव्य स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इस स्पर्धा में गोंदिया जिले के अलग-अलग कनिष्ठ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें श्री महावीर मारवाड़ी की कक्षा बारहवीं की छात्रा कुमकुम मनोज उन्दीरवाडे ने पल्लवन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा श्री राजस्थान इंग्लिश जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस की कक्षा बारहवीं की अपूर्वा दुर्गेश बोपचे ने पल्लवन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर श्री महावीर मारवाड़ी जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस कनिष्ठ का नाम रोशन किया। साथ ही कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रुचिता जयेंद्र चौधरी ने काव्य पठन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसी के साथ प्रा. कोमल प्रभुदास डोहरे को हिंदी दिवस समारोह में कनिष्ठ महाविद्यालय हिंदी अध्यापक संघ महाराष्ट्र राज्य की ओर से शिक्षा सम्मान पुरस्कार, स्मृति चिह्न और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं की सफलता पर संस्थाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रकाश कोठरी, अजय बी. शामका, अभिषेक ओ. अग्रवाल, प्रा. मनीषा तिमांडे, प्रा. जगन्नाथ टोंगे, प्रा. जितेंद्र बिसेन, प्रा. योगिता कुर्वे, प्रा. कोमल डोहरे, प्रा. राहंगडाले, आदेश मेश्राम, भानू अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, रोशनी चौधरी, दिनेश लाटा ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य कनिष्ठ महाविद्यालय हिन्दी अध्यापक संघ नागपुर विभाग ने छात्राओं को स्मृति चिह्न, प्रशस्ती पत्र देकर गौरवान्वित किया।

## अपनी क्लीनिक में फांसी पर झूला डॉक्टर



**भंडारा**-शहर के समीप भोजापुर ग्राम में एक युवा डॉक्टर ने अपनी क्लीनिक की केबिन में पंखे पर दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी खुदकुशी कर ली। घटना सोमवार, 21 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे के दौरान सामने आई। मृतक का नाम भोजापुर निवासी डॉ. हर्षल पन्नालाल शेंडे (29) है। भंडारा तहसील के भोजापुर निवासी डॉ. हर्षल शेंडे नंदनवन आयुष क्लीनिक नाम से भोजापुर में ही चार वर्षों से अस्पताल चला रहे थे। उनका मूल गांव का गोंदिया जिले में तिरोडा है। दो वर्ष की आयु में ही हर्षल के पिता की मृत्यु हुई। इस लिए वह अपनी मां के साथ भोजापुर में ननिहाल में रहने आए थे। उनकी मां आंगनवाड़ी में शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। हर्षल के मामा उमेश बांते ने ही हर्षल को संभाला। घटना के कुछ दिन पूर्व हर्षल प्रशिक्षण लेने के लिए कुछ दिन से पुणे गए थे। वह रविवार, 20 अक्टूबर को ही पुणे से वापस आये थे। सोमवार को अस्पताल शुरू किया। किंतु दोपहर तक हर्षल घर नहीं पहुंचने के कारण परिजन अस्पताल में पहुंचे। अस्पताल में पहुंचने पर शटर अंदर से बंद था। शटर खोलकर देखने पर हर्षल ने केबिन में पंखे पर दुपट्टे से फांसी लगाई अवस्था में दिखाई दिया। हर्षल ने बीएएमएस तक शिक्षा ली थी। भंडारा पुलिस थाने में मर्ग दाखिल किया गया है। आगे की जांच भंडारा पुलिस कर रही है।

# सेवा संस्था की ओर की सारस संवर्धन के लिए जनजागृति

**गोंदिया** -सेवा संस्था व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन्यजीव सप्ताह को लेकर सारस व पर्यावरण संवर्धन के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. सेवा संस्था पिछले दो दशकों से वन्यजीव संरक्षण व संवर्धन क्षेत्र में कार्यरत है. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा संस्था द्वारा वन विभाग समेत सारस व पर्यावरण संवर्धन के लिए जनजागृति की जा रही है. इसी के चलते पहले ही दिन घाटटेमनी के जगत हाईस्कूल में सारस संरक्षण- संवर्धन व जैव विविधता पर जनजागृति कार्यक्रम चलाया गया. इस दौरान पर्यावरण बचाएं-वन्यजीव बचाने के नारों के साथ साइकिल रैली द्वारा शहर में जनजागृति की गई. साथ ही वन विभाग में जिले के सारस मित्र स्वयंसेवा के लिए सारस पक्षी संवर्धन संरक्षण चर्चा सत्र कार्यशाला का आयोजन किया गया. शिवनी के संत कबीर हाईस्कूल व कामठा में संत जयरामदास आदिवासी आश्रम शाला में सारस पक्षी संरक्षण-संवर्धन व जैव विविधता पर जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया. पांचवें दिन नई पीढ़ी में वन्यजीव के प्रति घनिष्ठता पैदा करने की दृष्टि से गोरेगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत नवेगांव-नागझिरा बफर क्षेत्र में गोरेगांव के जगत विज्ञान कॉलेज के छात्रों ने प्रकृति भ्रमण कर वन्यजीव के महत्व के बारे में बताया. धोटे बंधु विज्ञान कॉलेज में पोस्टर प्रदर्शनी स्पर्धा आयोजित की गई थी. इस कार्यक्रम में उपवन संरक्षक प्रमोद पंचभाई, सेवा संस्था अध्यक्ष सावन बहेकार, शशांक लाडेकर, भास्कर कापसे, हसीन चिखलोंडे, बबलू चुटे, कैलास हेमने व निशांत कुर्वे ने हिस्सा लेकर मार्गदर्शन किया.



## प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करें : नागदेवे
### कानून विषय पर विस्तार से दिए मार्गदर्शन



**सालेकसा**-आज हर तरफ कड़ी स्पर्धा हर क्षेत्र में है, ऐसे में जिसे सरकारी नौकरी चाहिए उस प्रत्येक छात्र-छात्रा को स्पर्धा परीक्षा के लिए तैयार रहना होगा व स्पर्धा परीक्षा में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी. प्रतिदिन अपने समय का योग्य नियोजन कर कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करनी होगी, अपना सर्वस्व देते हुए पढ़ाई करने वाला जरुर सफलता पाता है व उसे सफलता मिलती है. उसी प्रकार से किसी क्षेत्र में स्पर्धा के लिए तैयार रहना आवश्यक है. हर विद्यार्थी अपना लक्ष्य निश्चित करते हुए अपने लक्ष्य को पाने के लिए नियोजन करें. ऐसा प्रतिपादन सालेकसा थाने की पुलिस उपनिरीक्षक मयुरी नागदेवे ने सालेकसा छात्रावास में आयोजित प्रेरणादायी मार्गदर्शन अवसर पर प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में किया. शुरूआत डा. बाबासाहेब अंबेडकर व क्रांतिवीर बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर माल्यार्पण से की गई. नागदेवे ने पुलिस भरती के लिए कैसे तैयारी की जाती इस विषय पर व कानून विषयक पर विस्तार से मार्गदर्शन किया. इस अवसर पर पुलस नायक निमजे उपस्थित थे. संचालन व आभार छात्रावास के अधिक्षक अक्षय ढोरे ने किया.

## देश की प्रगति के लिए संविधान पर सही मायनों में अमल जरूरी : प्रा. मानव



**सड़क अर्जुनी** -वर्तमान में केंद्र व राज्य में भारत के संविधान को कमजोर किया जा रहा है और एससी, एसटी, ओबीसी को कमजोर करने के फैसले लिए जा रहे हैं। भारतीय संविधान बहुत अच्छा है और अगर इस पर सही मायनों में अमल किया जाए तो देश वास्तविक प्रगति कर सकता है। ऐसा वक्तव्य अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के राष्ट्रीय संगठक प्रा. श्याम मानव ने किया। आशीर्वाद सभागृह में लोकतंत्र के समक्ष आव्हान विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया था। जिसमें वे बोल रहे थे। कार्यक्रम गुरुवार 15 अक्टूबर को स्थानीय आशिर्वाद लॉन में आयोजित किया गया था। उक्त व्याख्यान पर नागरिकों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगराध्यक्ष डा. रीता अजय लांजेवार ने की।बिरसा क्रांति दल के राष्ट्रीय संस्थापक एवं प्रसिद्ध विचारक दशरथ मडावी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं संपूर्ण अभियान के प्रमुख सुरेश झुरमुरे, अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के गोंदिया जिला संयोजक डा. प्रकाश धोटे, भंडारा जिला संगठक डी. जी रंगारी, ओबीसी संघर्ष कृति समिति के तहसील अध्यक्ष दिनेश हुकरे, अनिस के तहसील संगठक मनोहर डोंगरे एवं अन्य उपस्थित थे। इस समय प्रा. श्याम मानव ने संविधान बचाओ देश बचाओ विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रस्तावना अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति जिला संगठक डा. प्रकाश धोटे ने रखी। संचालन अनिल मेश्राम ने किया तथा आभार अनिस के तहसील सचिव आर. वी. मेश्राम ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति व तहसील के विविध सामाजिक संगठन ने सहयोग दिया।

## बालिका से बलात्कार करने वाले को 20 वर्ष का कारावास

**गोंदिया** - प्रमुख जिला व विशेष सत्र न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े ने 5 वर्ष की बालिका से बलात्कार करने वाले अर्जुनी मोरगांव निवासी तौसीफ शेख (23) को 20 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 12 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई. आरोपी रिश्ते में पीड़िता का मामा लगता है. 15 सितंबर 2022 को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच बालिका आंगनवाड़ी से अपने मामा के यहां आई तब तौसीफ शेख नहा रहा था. इस दौरान उसने बालिका से बलात्कार किया. इस संबंध में पीड़िता ने अपनी मां को बताया. पीड़िता की मां ने 17 सितंबर को केशोरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादंवि की धारा 376 (अ, ब), 506 तथा बाल लैंगिक अत्याचार संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया. मामले की जांच के बाद तत्कालीन सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप इंगले ने विशेष न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया. इस मामले में सरकार की ओर से अतिरिक्त सरकारी वकील वसंतकुमार चुटे व कृष्णा डी. पारधी ने 7 गवाह व अन्य दस्तावेज न्यायालय के सामने पेश किए. आरोपी के वकील व सरकारी वकील की जिरह के बाद प्रमुख जिला व विशेष सत्र न्यायाधीश ने सबूतों एवं गवाहों के आधार पर आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 4 महीने का अतिरिक्त कारावास), धारा 506 के तहत 2 वर्ष सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए जुर्माना व बाल लैंगिक अत्याचार संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई.

## 25 से रेलवे का रामनगर गेट होगा स्थायी रूप से बंद
### रेलवे लेवल क्रासिंग पर सुरक्षा के मद्देनजर उठाया कदम

**गोंदिया**-संरक्षित, सुरक्षित एवं तीव्र गति से बाधारहित ट्रेन परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है। दपूमरे के नागपुर मंडल द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर चरणबद्ध तरीके से समपार फाटकों को बंद किया जा रहा है। इसीके तहत मंडल के अंतर्गत गोंदिया-गंगाझरी के मध्य किमी 1002/5-7 पर स्थित मानव सहित समपार क्र. 507 (रामनगर गेट) को 25 अक्टूबर से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और इसके स्थान पर नवनिर्मित लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) से सड़क उपभोगकर्ताओं के लिए सुविधा प्रदान की जा रही है। बता दें कि वर्ष 2024-25 के दौरान दपूमरे में 23 मानवयुक्त समपार फाटकों का उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी दपूमरे नागपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा दी गई है। कई बार तकनीकी कारणों से समपार फाटक बंद नहीं होने की स्थिति में संरक्षित तथा निर्बाध गति से ट्रेन परिचालन एवं लोगों की सुरक्षा में उत्पन्न कठिनाइयों से उबरने के लिए दपूमरे नागपुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक नमिता त्रिपाठी के नेतृत्व में विभिन्न लेवल क्रासिंग गेटों का उन्मूलन कर उनके स्थान पर चरणबद्ध तरीके से लि. हाइट सबवे, रोड ओवर ब्रिज तथा रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य सुनिश्चित किया गया है। इसीके तहत मंडल के अंतर्गत गोंदिया- गंगाझरी के मध्य किमी 1002/5-7 पर स्थित मानव सहित समपार क्र. 507 (रामनगर गेट) को 25 अक्टूबर से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और इसके स्थान पर नवनिर्मित लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) से सड़क उपभोगकर्ताओं के लिए सुविधा प्रदान की जा रही है। दपूमरे नागपुर मंडल द्वारा न केवल सुरक्षित ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित किया जा रहा है। बल्कि लेवल क्रास करने वाले व्यक्तियों, वाहनों आदि को भी निर्बाध गति एवं सुरक्षा के साथ ट्रैक क्रास करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटिंग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।